सार-समाचार

सौर ऊर्जा से शून्य कार्बन का सपना पूरा करेगा हरित भारत एक्सपो

कोटा, (निसं)। पर्यावरण संरक्षण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटा में 25 से 27 जुलाई तक 'हरित भारत एक्सपो-2025' का आयोजन किया जाएगा। रविवार को एसएसआई एसोसिएशन हाल में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रमुख व्यक्तित्वों द्वारा इस एक्सपो का पोस्टर विमोचन किया गया। एक्पो मे मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की गरिमापूर्ण उपस्थिति रहेगी।तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कोटा क्षेत्र में औद्योगिक विकास और उसकी चुनौतियों के साथ-साथ हरित ऊर्जा प्रोत्साहन के लिए विभिन्न सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। हरित भारत एक्सपो-2025 का आयोजन लघु उद्योग भारती, सोलर संगठन भारत, हाड़ौती सोलर पावर सोसाईटी, दी एसएसआई एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। यह राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी होटल करणी पैलेस,मानपुरा कोटा में आयोजित की जाएगी। पोस्टर विमोचन-पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय कर सलाहकार गोविंद राम मित्तल, रेडक्रॉस के स्टेट प्रेसिडेंट राजेश कृष्ण बिरला, कोटा व्यापार संघ के महासचिव अशोक महेश्वरी, सोलर संगठन से अरविंद सिंघावा, लघु उद्योग भारती चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष पवन गोयल, हाड़ौती सोलर पावर एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरज गुप्ता और सचिव इनामउर रहमान, हरित भारत के जितेंद्र गोयल, ने सम्मिलित रूप से पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर लघु उद्योग भारती के चारों ईकाई अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अंकुर गुप्ता, महेश गुप्ता, मनोज राठी सहित सचिव व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सोलर संगठन के अरविंद सिंधावा ने बताया कि इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य कार्बन डाइऑक्साईड के उत्सर्जन को न्यूनतम करते हुए सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहनों और वॉटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से शून्य कार्बन उत्सर्जन को प्रोत्साहित करना है। यह कार्यक्रम प्रदर्शित करेगा कि कैसे ऊर्जा का उत्पादन और उपभोग पर्यावरण की रक्षा करते हुए संभव है। धीरज गुप्ता व इनामउर रहमान बताया कि वर्तमान में मानव सभ्यता के सामने पर्यावरण प्रदूषण और तेजी से बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग इफेक्ट्स को कम करना एक बड़ी चुनौती है। इसी संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरित ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के लिए पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना की घोषणा की गई है। राज्य स्तर पर भजनलाल सरकार ने भी सौर ऊर्जा प्रोत्साहन के लिए सब्सिडी योजना लागू की है। हरित भारत के जितेन्द्र गोयल ने बताया कि इस एक्सपो में सरकार की सौर ऊर्जा प्रोत्साहन योजनाओं के साथ-साथ सोलर उपकरण निर्माण करने वाली देश की सभी प्रमुख कंपनियां अपने सोलर कम्पोनेंट प्रदर्शित करेंगी। विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रिक व्यावसायिक और यात्री वाहन, नवीन तकनीक, अनुसंधान और दुनिया की नवीनतम मशीनरी का प्रदर्शन किया जाएगा। 70 से अधिक देश की प्रमुख कम्पनियां इस आयोजन के लिए कोटा आएंगी। गोविंद राम मित्तल ने कहा कि "हरित ऊर्जा को अपनाकर कोटा को न केवल पर्यावरण संरक्षण में अग्रणी बनाना है, बल्कि इसे देश के हरित औद्योगिक केंद्र के रूप में स्थापित करना है।" उन्होंने नवाचार और तकनीकी उन्नयन को विकास का मूल मंत्र बताया। राजेश कृष्ण बिरला (रेडक्रॉस स्टेट प्रेसिडेंट) ने कहा कि "हरित भारत एक्सपो" जैसे आयोजन आमजन में ऊर्जा जागरूकता फैलाने और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। अशोक महेश्वरी (महासचिव, कोटा व्यापार संघ) ने इस आयोजन को व्यापारिक क्षेत्र के लिए एक सुनहरा अवसर बताया और कहा कि इससे कोटा का औद्योगिक परिदृश्य और निवेश वातावरण सशक्त होगा। यह एक्सपो कोटा के आम उपभोक्ता, उद्योगपति और किसानों को सरकार की हरित ऊर्जा योजनाओं का पूरा लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि स्थानीय व्यापार और उद्योग को भी नई दिशा मिलेगी। आयोजकों के अनुसार केंद्र और राज्य सरकार के प्रतिनिधि, उद्योगपति, व्यापारी, डीलर, डिस्ट्रिब्यूटर, रिटेलर और हाडौती क्षेत्र से लगभग हजारो लोगों के आने की संभावना है।

आईओएए जूनियर में एलन के दो स्टूडेंट्स करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राईवेट लिमिटेड के विद्यार्थी नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड्स में हर वर्ष बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑन एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स फॉर जूनियर 2025 (आईओएए-जूनियर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित तीन सदस्यीय टीम में दो स्टूडेंट्स एलन से हैं। जिसमें एरोन ठक्कर एवं स्वरा पटेल शामिल हैं। ये दोनों एलन के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट्स हैं। एरोन कक्षा 9 एवं स्वरा कक्षा 8 में अध्ययनरत है। माहेश्वरी ने बताया कि ओसीएससी कैम्प 12 से 31 मई 2025 तक बिरला इंडस्ट्रियल एंड टेक्नोलॉजी म्यूजियम, कोलकाता में आयोजित किया गया था। जिसमें से पूरे देश से कुल 20 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें से 19 एलन से थे। इस कैम्प में विभिन्न लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षाओं में प्रदर्शन के आधार पर तीन विद्यार्थियों का चयन किया गया। जिसमें से दो एलन से हैं। आईओएए जूनियर 2025 का फाईनल 18 से 25 अक्टूबर तक रोमानिया में आयोजित होगा। आईओएए जूनियर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान एवं इससे जुड़े विषयों में रुचि बढ़ाना है। एस्ट्रोनोमी और एस्ट्रोफिजिक्स को कक्षा 10 तक के स्कूली विद्यार्थियों के बीच बढ़ावा देने के लिए यह ओलंपियाड आयोजित किया जाता है।

जन्मदिन पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

बूंदी। जमीतपुरा. मदरसा बोर्ड बूंदी कमेटी के चेयरमैन जावेद जेड ने अपने 38वें जन्मदिन पर खेडला दरगाह परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने पक्षियों के लिए परिंडे भी बांधे। इस मौके पर कांठोस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उन्होंने पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। जेड ने बताया कि वे हर साल अपने जन्मदिन पर पौधे लगाते हैं। उनका उद्देश्य प्रदूषण कम करना और लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। तभी पर्यावरण को बचाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे भी अपने स्तर पर पौधारोपण करें। इस मौके पर पूर्व सरपंच महावीर मीणा, मदरसा बूंदी कमेटी के उपाध्यक्ष नसरुद्दीन, सचिव फिरोज खान, राहिन मलिक, मोनू, परवेज खान, शाहरुख, फरियाद अली, गोलू, तौफीक मेव, अमन, अमीर खान, सहित कई कांठोस कार्यकर्ता बधाइयां दी।

फारूकी ने रचा इतिहास

छबड़ा। राजस्थान के बारां जिले के छबड़ा कस्बे के प्रतिभावान छात्र अशरफ उल हक फारूकी ने अलीगढ मुस्लिम यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया प्रथम रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे छबडा क्षेत्र का नाम देशभर में रोशन कर दिया। अशरफ की इस ऐतिहासिक सफलता से उनके परिवार में ही नहीं बल्कि पूरे कस्बे में जश्न का माहौल है और हर तरफ से बधाइयों का तांता लगा हुआ है। उनके पिता अयाज फारूकी, जो एक व्यवसायी हैं, ने बेटे की मेहनत, लगन और परिवार के सहयोग को इस कामयाबी की वजह बताया। अशरफ के बडे पापा समाज सेवी ऐजाज फारूकी ने खुशी से मोहल्ले में मिठाइयाँ बांटी और इस उपलब्धि को आने वाली पीढियों के लिए एक प्रेरणा बताया। अशरफ ने साबित कर दिया कि छोटा कस्बा और सीमित संसाधन भी बडी उडान में बाधा नहीं बन सकते।

राजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि मनाई

रावतभाट। सांवलियाजी-भदेसर उपखण्ड क्षेत्र के शहीद राजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव शहीद राजेंद्र सिंह नगर में स्थित स्मारक पर सोमवार को प्रात: 8 बजे श्रद्धा सुमन कार्यक्रम आयोजित होगा। भदेसर पंचायत समिति के विकास अधिकारी अभिषेक शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि भदेसर उपखण्ड क्षेत्र के शहीद राजेंद्र सिंह राव की पुण्यतिथि पर भदेसर पंचायत समिति के आक्या ठाम पंचायत के शहीद राजेंद्र सिंह नगर स्थित शहीद स्मारक पर सोमवार को प्रात: 8 बजे से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें आमंत्रित अतिथि सहित जनप्रतिनिधि एवं ठामीण जन शिरकत करेंगे।

डिविजनल चैंबर की वार्षिक सभा में दिखी व्यापारिक विकास की नई दिशा

कोटा, (निसं)। डिविजनल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की वार्षिक साधारण सभा रविवार को शहर के शॉपिंग सेंटर स्थित निजी रेस्टोरेंट में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। इस अवसर पर एक साथ 25 नए सदस्यों को चैंबर में शामिल किया गया, वहीं शहर के वरिष्ठ व्यापारिक स्तंभों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सभा की अध्यक्षता राजेश गुप्ता ने की, जिन्होंने अपनी प्रस्तुति में बताया कि चैंबर ने सुल्तानपुर क्षेत्र को हाइड्रोपोनिक खेती का केंद्र बनाने और सोलर हब के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव पारित किया है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (पश्चिम मध्य रेलवे) सौरभ जैन ने रेलवे की व्यापार सहायक योजनाओं की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कोटा से माल ढुलाई पर विशेष छूट देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जिससे क्षेत्रीय

- 25 नए सदस्यों का स्वागत, कोटा के व्यापारिक स्तंभों को किया गया सम्मानित

व्यापार को बल मिलेगा। चैंबर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने अपने प्रभावशाली संबोधन में कहा कि संगठन व्यापारियों और सरकार के बीच मजबूत सेतु का कार्य करता है। उन्होंने राष्ट्रीय नीति निर्माण में चैंबर की भागीदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि चैंबर के सुझावों को कई बार सरकारी योजनाओं में स्थान मिला है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी ने अपने जोशीले संबोधन में व्यापारियों से एकजुट होकर कोटा की आर्थिक प्रगति में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि ष्कोटा की संभावनाएं शिक्षा, कृषि, उद्योग और सेवा क्षेत्र में असीम हैं, बस उन्हें मिलकर साकार करना है।

चैंबर के मार्गदर्शक एवं एलेन कोचिंग निदेशक गोविंद माहेश्वरी ने कहा कि नवाचार, तकनीकी उन्नयन और युवा नेतृत्व ही भविष्य की दिशा तय करेंगे। सभा में पैक्ड फूड और दवाओं पर अनावश्यक कर भार को कम करने का सुझाव भी सरकार को भेजा गया, जिससे आम उपभोक्ता को राहत मिल सके। इस अवसर पर कोटा के प्रमुख व्यापारिक नेताओं गोविंद राम मित्तल, गोविंद माहेश्वरी, गिरिराज न्याति, परसराम झामनानी, एल.सी. बाहेती को उनके दशकों पुराने योगदान के लिए सम्मानित किया गया। एसएसआई अध्यक्ष मनोज राठी, महामंत्री आशुतोष जैन, पूर्व डीसीएम सीईओ वी.के. जेटली, एवरग्रीन समूह के सुरेश एवं राजेंद्र अग्रवाल को भी व्यापारिक नेतृत्व व योगदान हेतु सराहा गया।

सभा में संस्था के कोषाध्यक्ष द्वारा वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया गया और आगामी योजनाओं पर भी विचार हुआ। कार्यक्रम का समापन सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर चौम्बर के सलाहकार राजेन्द्र अग्रवाल, नंदकिशोर चांडक, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के.बी.नंदवाना, राजकुमार लड्ढा, संजीव चांदवाला, अनिल गोयल, संजय गुप्ता सहित 108 सदस्य उपस्थित रहे।

युवा कृषक संवाद हुआ

कोटा (निस.)। कृषि मंत्री डॉ. किरोडीलाल मीणा की अध्यक्षता में कोटा संभाग का "युवा कृषक संवाद" कार्यक्रम रविवार को राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान (सिआम) ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। लगभग 5 घंटे चले इस कार्यक्रम में कृषि मंत्री ने संभाग के चारों जिलों से आए काश्तकारों के साथ सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

साथ ही किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं नवीन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया ताकि किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें समृद्ध बनाया जा सके। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और समस्याएं भी बताई। अन्य किसानों ने भी विभिन्न योजनाओं के लाभ एवं प्रक्रियागत समस्याओं से अवगत कराया। उनकी समस्याएं जानकर समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने योजनाओं का विस्तार से प्रेजेंटेशन दिया। जयपुर से आए विशेषज्ञों ने एआई आधारित कृत्रिम वर्षा की तकनीक के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में राज्य स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि वाले प्रगतिशील किसानों एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी किसानों को सब्सिडी के चेक प्रदान किए।

तिरंगा यात्रा निकाली

नैनवा। सैनिकों के सम्मान में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का प्रारंभ नीलकंठ महादेव मंदिर परिसर से भगवान महादेव की पूजा अर्चना के पश्चात हुआ। तिरंगा यात्रा छोटे तालाब की पाल मालदेव चौक, मुख्य बाजार, मालदेवनी चोक,अंबेडकर सर्किल, चुंगी नाका, नैनवा थाना परिसर के सामने से होते हुए भगत सिंह स्मारक स्थल पर पहुंची।यात्रा मार्ग में कस्बे वासियों ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा के साथ तिरंगा यात्रा का स्वागत किया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वीर जवान अमर रहे। पाकिस्तान हो बर्बाद के नारों के साथ वातावरण देशभक्ति पूर्ण बना। तिरंगा यात्रा में युवाओं बुजुर्गों, मातृशक्ति कस्बे के गणमान्य व्यक्तियो ने भाग लिया।तिरंगा यात्रा के अंतिम चरण में भगत सिंह स्मारक स्थल पर पहुंचकर शहीद ए आजम भगत सिंह का माल्यार्पण कर सम्मान करते हुए देशभक्ति से पूर्ण जोशीले नारों के साथ तिरंगा यात्रा का समापन किया गया।इसी दौरान कई रिटायर्ड फौजियों का माला पहनकर स्वागत सत्कार किया।

त्वरित समस्या समाधान के प्रति सजग हैं पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल

रामगंजमण्डी,(निसं)। एक ऊर्जावान पालिकाध्यक्ष के पास समस्याओं का त्वरित समाधान होता है। इसका मतलब है कि यदि एक पालिकाध्यक्ष में ऊर्जा, उत्साह और क्षमता है, तो वह समस्याओं का तुरंत और प्रभावी ढंग से समाधान कर सकता है। ऐसा ही ठीक अखिलेश मेडतवाल पालिकाध्यक्ष रामगंजमण्डी में देखने को मिल रहा है। जो प्रबल इच्छाशक्ति वालों के पास होता नहीं कोई बहाना, क्योंकि मकसद ही होता है उनका कैसे भी काम करवाना इसी तर्ज पर येन-केन-प्रकारेण समस्या संज्ञान में आते ही समाधान के लिए सजग रहते हैं। वहीं उनके त्वरित समाधान को देखते हुए शहर की जनता-जनार्दन में समस्या बताने व समस्या समाधान होने पर पालिकाध्यक्ष मेड़तवाल के स्वागत सत्कार की भी प्रतिस्पर्धा मची हुई। मेड़तवाल समस्या समाधान के लिए पालिका पर ही आश्रित नहीं रहकर आवश्यकतानुरूप लोकसभा अध्यक्ष

- संज्ञान में आते ही राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय में करवाया इंटरलॉकिंग का कार्य शुरू और लगवाया वॉटर कूलर

ओम बिरला व कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर सहित किसी भी विभाग के अधिकारी/कर्मचारी एवं भामाशाहों से सहयोग लेने में भी पीछे नहीं रहते हैं,जो उन्हें सहर्ष मिल भी रहा है। ऐसा ही कुछ वाक्या हाल ही में 22 मई गुरुवार को राजकीय सार्वजनिक पुस्तकालय (राजकीय जिला चिकित्सालय के पीछे) रामगंजमण्डी में मनाई गई राजा राममोहन राय की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देखने को मिला। जहां पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल मुख्य अतिथि बतौर शामिल हुए थे और इसी दौरान पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाशचन्द्र राव द्वारा पुस्तकालय की कुछ समस्या व आवश्यकताओं को पालिकाध्यक्ष मेड़तवाल के संज्ञान में लाया गया तो उन्होंने तुरंत मौके पर समाधान का आश्वासन ही नहीं दिया अपितु पूर्ण करवाने के लिए भामाशाह से बात भी की। जिस पर भामाशाह जम्बू मित्तल हिमांशु मित्तल ने 28 मई बुधवार को पुस्तकालय में वॉटर कूलर भिजवा दिया। वहीं पालिका द्वारा भी 31 मई शनिवार को इंटरलॉकिंग लगाने सहित अन्य कार्यों को करवाना प्रारंभ कर दिया गया है। इस पर पुस्तकालय अध्यक्ष कैलाशचंद्र राव सहित सभी कर्मचारियों, सदस्यों व पाठकों ने पालिकाध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल, ईओ तरुण कुमार लहरी व भामाशाह जम्बू मित्तल हिमांशु मित्तल का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया और भविष्य के लिए भी सहयोग की अपेक्षा की है।

फसल बढ़ने के लिए दो नए अविष्कारों का उपयोग

कोटा। भारत के धान की खेती करने वाले किसान बीएएसएफ के नवीनतम अनूठी केमिस्ट्री वाले वेलेक्सियोटीएम कीटनाशक, जो कि प्रेक्सियो एक्टिव की शक्ति से युक्त है, का लाभ उठाने वाले सर्वप्रथम होंगे, जो कि धान के सभी भूरा माहु की रोकथाम करता है। मिबेल्याटीएम फफूंदनाशक भारत में लॉन्च की जाने वाली पहली रेविसोलटीएम केमिस्ट्री होगी, जो कि अपने अनुकूल रेग्युलेटरी प्रोफाइल तथा चयनशीलता के साथ धान के पौधों की समस्त बीमारियों से सुरक्षा करती है। ये लॉन्च बीएएसएफ की अपनी वैश्विक रणनीति के रूप में धान के प्रति इनकी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा धान के किसानों को समाधानों का एक व्यापक पोर्टफोलियो पेश करते हैं। भारत, मई 2025: बीएएसएफ भारत ने अपने दो नवीनतम वैश्विक फसल सुरक्षा समाधान वेलेक्सियो टीएम कीटनाशक तथा मिबेल्या टीएम फफूंदनाशक लॉन्च किए हैं, जो कि भारत की सबसे महत्त्वपूर्ण अनाज की **फसल**- धान के लिए उपयोग में लाए जाएँगे। इन दो आविष्कारों को पेश किए जाने से भारत के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम को समर्थन मिलेगा। ये समाधान धान के किसानों को अपनी धान की पैदावार को शानदार तरीके से बढ़ाने में मदद करेंगे, क्योंकि ये धान के प्रमुख कीटों धान के भूरा माहु की रोकथाम करेंगे तथा आवरित झुलसा जैसी बीमारियों से धान की रक्षा करेंगे। भारत 100 मिलियन मैट्रिक टन्स से अधिक सालाना उत्पादन के साथ, दुनिया में धान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जो कि धान के विश्वव्यापी व्यापार में लगभग 40 प्रतिशत का योगदान देता है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव ने भारत के धान के किसानों को बुरी तरह प्रभावित किया है। प्रतिकूल मौसम दशाओं का परिणाम बाढ़ों, बीमारियों और भूरा माहु की बड़ी आबादी के रूप में सामने आया है, जिससे धान की पैदावार तथा क्वालिटी दोनों ही घटी हैं। वेलेक्सियोटीएम बीएएसएफ का नवीनतम कीटनाशक है, जो अपनी एक अलग-उल्लेखनीय पहचा, केवल एशिया पैसिफिक के धान के किसानों के बीच ही नहीं बना रहा है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में धान फसल तंत्र के प्रति अपनी एक दीर्घकालीन प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशन्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग एंड सस्टेनेबिलिटी, मार्कफ ग्रोज्डानोविक का कहना है, "हम भारत में सबसे पहले इसे लॉन्च करने को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं, क्योंकि हम जानते हैं कि धान के किसानों को इस वक्त कीटों की रोकथाम में मदद के लिए एक नई केमिस्ट्री की बहुत जरूरत है।

एलन के दो स्टूडेंट्स करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

कोटा, (निसं)। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राईवेट लिमिटेड के विद्यार्थी नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड्स में हर वर्ष बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने बताया कि इंटरनेशनल ओलंपियाड ऑन एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स फॉर जूनियर 2025 (आईओएए-जूनियर) में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित तीन सदस्यीय टीम में दो स्टूडेंट्स एलन से हैं। जिसमें एरोन ठक्कर एवं स्वरा पटेल शामिल हैं। ये दोनों एलन के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट्स हैं। एरोन कक्षा 9 एवं स्वरा कक्षा 8 में अध्ययनरत है। माहेश्वरी ने बताया कि ओसीएससी कैम्प 12 से 31 मई 2025 तक बिरला इंडस्ट्रियल एंड टेक्नोलॉजी म्यूजियम, कोलकाता में आयोजित किया गया था। जिसमें से पूरे देश से कुल 20 विद्यार्थी शामिल हुए थे।

सार-समाचार

कोटा स्टेशन पर पर्यावरण जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक का मंचन

कोटा, (निसं)। डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन में कोटा रेल मंडल में पर्यावरण एवं हरित क्रांति दिवस पर 5 जून तक पर्यावरण को स्वच्छ सुन्दर बनाए रखने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। स्टेशनों पर पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर उद्घोषणा की जा रही है। टिकट चैकिंग स्टॉफ द्वारा स्टेशनों और ट्रेनों में अभियान चलाए हुए हैं। निर्धारित स्थान पर यात्रियों द्वारा फैलाए गए कचरे को उचित स्थान पर निस्तारण किया जा रहा है। इसी कड़ी में 01 जून को स्टेशन निदेशक एन.के. मीणा के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जिससे आम यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर रेलवे स्काउट गाइड द्वारा विशेष रूप से मंचन किया गया। जिसमें संजू भाई राठौड़ जिला संगठन आयुक्त स्काउट तथा राहुल उपाध्याय जिला सचिव एवं स्काउटर गाईडर के नेतृत्व में टीम द्वारा शानदार मंचन किया गया। इस अवसर पर रामभरोस मीणा मुख्य कल्याण निरीक्षक, मुख्य टिकट निरीक्षक एलके मीणा, दीपक शर्मा, स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) महेश राठौर, स्वास्थ्य निरीक्षक लक्ष्मण सिंह मीणा उपस्थित रहते हुए सभी रेल यात्रियों ने इस नाट्य मंचन के माध्यम से प्रेरणा ली गई और कहा कि हम सब लोग मिलकर पर्यावरण संरक्षण एवं वायुमंडल को बचाने के लिए सतत् प्रयास करते रहेंगे।

कोटा मंडल एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में अव्वल

कोटा, (निसं)। कोटा मंडल 98.06 प्रतिशत मेल एक्सप्रेस गाड़ियों का समय पालन कर 29 मई को देश में प्रथम स्थान पर रहा है। इसके अलावा कोटा मंडल में फरवरी 2025 में एक बार, मार्च 2025 में 06 बार, अप्रैल 2025 में 01 बार एवं मई 2025 में 01 बार शत-प्रतिशत (100 प्रतिशत) समय पालन की उपलब्धि हासिल की है। यह कार्य परिचालन विभाग की बेहतर योजना एवं सभी विभागो के आपसी समन्वय तथा उचित टाईम टेबल के कारण संभव हो सका। इस कार्य में रेलवे के सभी विभागों द्वारा उनके सभी संसाधनों का सही रख-रखाव किया गया है जिसके लिये सभी विभाग बधाई के पात्र है। मंडल रेल प्रबंधक अनिल कालरा के कुशल मार्गदर्शन तथा अपर मंडल रेल प्रबंधक ललित कुमार धुरंधर द्वारा की गई नियमित मॉनिटरिंग एवं वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक विनोद कुमार मीना एवं उनकी टीम के द्वारा किये गये सराहनीय कार्य से कोटा मंडल द्वारा लगातार समयपालन में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज कराई जा रही है।

सिलिकोसिस एवं खान सुरक्षा कानूनों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम

रामगंजमण्डी,(निसं)। मोड़क मंगलम सीमेंट क्लब हॉल आदित्य नगर मोड़क में रविवार को सिलिकोसिस एवं खान सुरक्षा कानूनों के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम खान सुरक्षा महानिदेशालय अजमेर क्षेत्र-1 के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक अजमेर क्षेत्र-1 डॉक्टर सत्यनारायण ने सिलिकोसिस बीमारी के कारण, लक्षण व रोकथाम के उपाय तथा लू (तापघात) से बचाव, बारूद के सुरक्षित उपयोग एवं खनन कानूनों की भी विस्तार से प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। आत्मनिर्भर भारत की पहल में सुरक्षा निदेशक ने खानों के पंजीकरण, रिटर्न्स, परमिशन में होने वाली समस्याओं के सरल और सुगम समाधान बताए। बजरंग लाल मंगलम सीमेंट मोड़क व लोकेश श्रीमाली एसीसी लाखेरी ने भी सिलिकोसिस बीमारी के बचाव एवं खनन कानूनों के बारे में बताया। कार्यक्रम मे सांवर मीणा एएसआई, मुकीम चेचट माइंस एसोसिएशन एवं राजस्थान के कोटा बूंदी झालावाड़ जिले के विभिन्न असंगठित खानों से 75 लोगों ने भाग लिया। जिसमे खान मालिक, खान प्रबंधक, सुपरवाइजर एवं कामगार शामिल हुए।

भव्य शोभायात्रा निकली

छबड़ा। रंगीन परिधानों में सजे धजे महिला, पुरुष, बच्चे, सिर पर कलश धारण किए हुए पंक्तिबद्ध महिलाएं, युवतियां, डीजे की धुन पर थिरकते युवा, करतल ध्वनि के साथ गूंज रहे जयकारे, जगह जगह हो रही पुष्पवर्षा। अवसर था यादव (जाटव) समाज विकास समिति के तत्वावधान में श्री रामजानकी दरबार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर रविवार को निकली भव्य शोभायात्रा का। जिसमे बड़ी संख्या में समाजबंधुओ ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं की कलशयात्रा आकर्षण का केंद्र रही। इस दौरान छबड़ा शहर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। शोभायात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी मीडिया प्रभारी नरेंद्र यादव व श्यामसुंदर यादव ने बताया कि रविवार को बड़ी संख्या में समाज के लोग समाज के मंदिर परिसर में एकत्रित हुए। शोभायात्रा में महिलाएं कलश धारण कर चल रही थी तो वही युवक जयघोष लगाते चल रहे थे। घुड़सवार शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। कलश यात्रा एवं शोभायात्रा मंदिर से शुरू हुई जो लालबाई चौक से होती, यादव मोहल्ला, पुरानी सब्जी मंडी, पुरानी नगरपालिका, अलीगंज बाजार, लोटा भैरू मंदिर, आजाद सर्किल, अहिंसा सर्किल होती हुई कार्यक्रम स्थल हाई स्कूल खेल मैदान पहुंचकर सम्पन्न हुई। यहां भोजन प्रसादी का आयोजन भी रखा गया। मार्ग में जगह-जगह जलपान आदि की व्यवस्था थी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में पारंपरिक वेशभूषा पहने समाजबंधु शामिल हुए। शोभायात्रा को सफल व भव्य बनाने के लिए समाज अध्यक्ष, प्राण प्रतिष्ठा एवं नि:शुल्क कन्या समारोह के संरक्षक दिलीप यादव, प्राण प्रतिष्ठा एवं नि:शुल्क कन्या समारोह अध्यक्ष रामप्रसाद यादव, नवयुवक मण्डल अध्यक्ष चन्दू यादव सहित समस्त पदाधिकारियो ने समाजबंधुओं, युवाओं, मातृशक्ति का आभार व्यक्त किया। जैसे-जैसे शोभायात्रा आगे बढ़ती जा रही थी, वैसे-वैसे समाजबंधुओ में उत्साह भी बढ़ता जा रहा था। शोभायात्रा में मातृशक्ति की सहभागिता ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया तो वही युवाओ के जयकारे से शहर राममय हो गया। डीजे पर धार्मिक गीतों के साथ युवा हाथों में ध्वज पताकाएं लिए जयघोष के साथ चल रहे थे। यहां लगाए जयघोषों से आसमान गुंजायमान हो गया। श्रीराम जानकी मंदिर से कार्यक्रम स्थल खेल मैदान तक जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा से पूरे मार्ग में फूलों की चादर सी बिछ गई। कीर्तन कि है रात, बाबा आज थाने आनो है, सिया राम जय राम जय जय राम, हल्का में ना लेवु मारा सांवरिया की माया ने जैसे मधुर भजनों की रसधार ऐसी बही कि शनिवार की रात श्रद्धालु झूमते रहे। यादव (जाटव) समाज के मंदिर पर शनिवार को भगवान श्रीराम की आराधना हुई।

कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद के आनंद भयो...

बूंदी। नगर परिषद की गली में गोपी स्थल पर 18 वर्षीय धूणी तपो साधना के उपलक्ष में श्रीमद् भागवत कथा चल रही है। इसके चतुर्थ दिवस पर कथा वाचक पंडित शिव लहरी गौतम ने बताया कि जब जब धर्म पर विपदा आती है तो उस विपदा को दूर करने के लिए तब तब भगवान का अवतार होता है। पुराणों के अनुसार, भगवान विष्णु के दो भक्त जय और विजय शापित होकर हाथी व मगरमच्छ के रूप में धरती पर उत्पन्न हुए थे।पौराणिक कथाओं के अनुसार गंडक नदी में एक दिन कोनहारा के तट पर जब हाथी पानी पीने आया तो मगरमच्छ ने उसे पकड लिया। फिर हाथी मगरमच्छ से छुटकारा पाने के लिए कई वर्षों तक लड़ता रहा। इसके बाद वामन अवतार प्रसंग में बताया कि हमारे पास जो है वह सब कुछ भगवान का ही है। भगवान की वस्तुओं को भगवान को समर्पित कर जीवन मुक